पत्रांक–अ०सं०क०–08–ग–आ०वि०स्था०–11/2023 ................................/

**बिहार सरकार**

**अल्पसंख्यक कल्याण विभाग**

प्रेषक,

**डा० अमीर आफाक अहमद फैजी**
विशेष सचिव–सह–निदेशक

सेवा में,

**निदेशक**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक....................

विषयः– **अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना अन्तर्गत संचालित बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय, दरभंगा एवं किशनगंज में शैक्षणिक सत्र 2026–27 हेतु वर्ग–9वीं एवं वर्ग–11वीं (कला एवं विज्ञान संकाय) में छात्र/छात्राओं के नामांकन हेतु विज्ञापन प्रकाशन करने के संबध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना अन्तर्गत संचालित बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय, दरभंगा एवं किशनगंज में शैक्षणिक सत्र 2026–27 हेतु वर्ग–9वीं एवं वर्ग–11वीं (कला एवं विज्ञान संकाय) में छात्र/छात्राओं का निःशुल्क नामांकन किया जाना है। नामांकन हेतु आवेदन करने संबंधी विहित प्रपत्र, विज्ञापन प्रकाशन की सामग्री (हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी सहित) संलग्न है।

अनुरोध है कि इसका प्रकाशन राज्य के प्रमुख हिन्दी, अंग्रेजी एवं उर्दू समाचार पत्रों में अतिशीघ्र कराने की कृपा की जाय।

**अनुलग्नकः–यथोक्त।**

विश्वासभाजन

ह०/–

विशेष सचिव–सह–निदेशक

ज्ञापांकः–अ०सं०क०–08–ग–आ०वि०स्था०–11/2023 ......708 पटना, दिनांक 13.02.2026

**प्रतिलिपि** :–महानिरीक्षक, कारा एवं सुधार सेवाएँ, गृह विभाग (कारा), बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि** :–श्रीमती जयन्ति, विभागीय नोडल पदाधिकारी, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि** :–आई०टी०मैनेजर, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश है कि समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से नामांकन हेतु विज्ञापन प्रपत्र, आवेदन प्रपत्र वर्ग–9वीं में नामांकन के लिए प्रपत्र संख्या–I तथा वर्ग–11वीं (कला एवं विज्ञान संकाय) के लिए प्रपत्र संख्या– II विभाग के वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

विशेष सचिव–सह–निदेशक 13/2

**बिहार सरकार**

**अल्पसंख्यक कल्याण विभाग**

बिहार में निवासित अल्पसंख्यक (मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन, पारसी) छात्र/छात्राओं के लिए संचालित बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय, दरभंगा एवं किशनगंज में सत्र 2026–27 में वर्ग–9वीं एवं वर्ग–11वीं (कला एवं विज्ञान संकाय) में नामांकन के लिए आवश्यक सूचना।

**नामांकन हेतु आवश्यक सूचना**

### आवेदन हेतु प्रात्रता

- ❖ **आवासीय विद्यालयों में वर्ग–9वीं के लिए नामांकन हेतु अधिकतम आयु सीमा 16 वर्ष तथा वर्ग–11वीं के लिए 18 वर्ष होनी चाहिए। विद्यालय में नामांकन परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर तैयार मेधा सूची के अनुसार होगा।**
- ❖ **अभ्यर्थियों की अधिकतम परिवारिक वार्षिक आय छः लाख रूपये होनी चाहिए।**
- ❖ **आवेदन ऑनलाईन विभागीय बेवसाईट www.minoritywelfare.bih.nic.in पर उपलब्ध पोर्टल से किया जा सकेगा। ऑनलाईन आवेदन भरने के बाद छात्र/छात्राओं के द्वारा भरे गए आवेदन फॉर्म को बेवसाईट से डाउनलोड कर प्रिन्ट आउट निकालकर संबंधित जिला के जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय में स्वयं अथवा रजिस्टर्ड डाक से जमा करना अनिवार्य होगा।**
- ❖ **प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश–पत्र ऑनलाईन विभागीय बेवसाईट www.minoritywelfare.bih.nic.in के पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकेगा**
- ❖ **ऑनलाईन आवेदन भरते समय अभ्यर्थियों को अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत जाति, आय, आवासीय प्रमाण–पत्र, शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण–पत्रों की स्व–अभिप्रमाणित प्रति (यदि उतीर्ण हो), फोटोग्राफ, हस्ताक्षर एवं उम्र सीमा संबंधी प्रमाण पत्र को निर्धारित स्थान पर अपलोड करना आवश्यक होगा।**

निःशुल्क आवासीय शिक्षा

**आवेदन करने की तिथि–**

**15.02.2026 से 15.03.2026**

### प्रमुख विशेषताएँः–

- ➢ अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को चयनित कर उनको सर्वांगिण विकास हेतु उन्हें मानसिक, शारीरिक, सामाजिक एवं भावनात्मक रूप से सक्षम बनाने का उद्देश्य।
- ➢ नौवीं से बारहवीं तक की पढ़ाई की उत्तम व्यवस्था।
- ➢ आवासीय विद्यालयों में छात्र/छात्राओं को निःशुल्क (free) नामांकन के साथ निःशुल्क (free) आवासन (भोजन, वस्त्र, दवा, पुस्तक) आदि की आधुनिकतम सुविधा।
- ➢ आधुनिक सुविधायुक्त प्रयोगशाला।
- ➢ उच्च माध्यमिक कक्षाओं (Intermediate) में PCM, PCB, ARTs आदि विषयों के पठन–पाठन की सुविधा।

### आवेदन प्रक्रिया की तिथि

आवेदन पत्र समर्पित करने की तिथिः– 15.02.2026 से 15.03.2026 तक


प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने की तिथिः– 20.03.2026 से 27.03.2026 तक

परीक्षा तिथिः– 29.03.2026


परीक्षाफल प्रकाशन की तिथिः– 10.04.2026

नामांकन की तिथिः–11.04.2026 से 14.04.2026 तक

सत्र प्रारम्भ की तिथिः–15.04.2026







### सामान्य विशेषताएँः–

(क) अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में वर्ग–9वीं एवं वर्ग–11वीं में नामांकन 100 अंको के वस्तुनिष्ठ परीक्षा के आधार पर होगा। वस्तुनिष्ठ परीक्षा दो घंटो की होगी।

(ख) बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय योजना से संबंधित संकल्प संख्या–अ०स०क० 01–04–24–01/2017–441, दिनांक–23.05.2018 के आलोक में मार्गनिर्देशिका की कंडिका–04 के अनुसार विद्यालय में 50 प्रतिशत सीटे बालिकाओं के लिए आरक्षित होगी। बालक और बालिका दोनो वर्गो में 75 प्रतिशत ग्रामीण विद्यार्थियों के लिये आरक्षित रहेगा। शैक्षणिक संस्थानों में लागू आरक्षण नीति का पालन किया जाएगा।

(ग) राज्य सरकार के अधीन शिक्षण संस्थाओं में लागू आरक्षण प्रावधान लागू होंगे।

नोटः–विस्तृत जानकारी के लिए अपने जिला के अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय में सम्पर्क करें या विभाग के वेबसाईट– **www.minoritywelfare.bih.nic.in** पर लॉग इन करें।

विशेष सचिव–सह–निदेशक

**बिहार सरकार**
**अल्पसंख्यक कल्याण विभाग**

----

**<u>बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय, दरभंगा एवं किशनगंज में नामांकन हेतु आवश्यक सूचना</u>**

बिहार में निवासित अल्पसंख्यक (मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन, पारसी) छात्र/छात्राओं के लिए संचालित बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय दरभंगा एवं किशनगंज में सत्र 2026–27 में वर्ग–9वीं एवं वर्ग–11वीं (कला/विज्ञान संकाय) में नामांकन हेतु आवेदन की तिथि 15.02.2026 से 15.03.2026 तक ऑनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। परीक्षा की तिथि–29.03.2026 निर्धारित है। परीक्षा का केन्द्र संबंधित जिला में होगा।

आवेदन प्रपत्र एवं विस्तृत सूचनाएँ विभागीय बेवसाईट www.minoritywelfare.bih.nic.in पर उपलब्ध है।

**(डा० अमीर आफाक अहमद फैजी)** 13/2
विशेष सचिव–सह–निदेशक